राष्ट्रीय प्रतीकों पर लगाई प्रदर्शनी

ऑस्ट्रेलिया से आई मिस जेसिंटा वैब ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

अमर उजाला ब्यूरो

सोनीपत।

ऋषिकुल विद्यापीठ में बुधवार को मिडिल विंग के छात्रों की ओर से ऑस्ट्रेलिया व भारतीय सभ्यता संस्कृति के साथ ही राष्ट्रीय प्रतीकों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। अपनी भारत यात्रा के दौरान ऑस्ट्रेलिया से आई मिस जेसिंटा वेब-डायरेक्टर ऑफ बिजनस इंप्रूवमेंट ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस दौरान मिस जेसिंटा का सबसे पहले विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्राइमरी विंग के कक्षा पहली के छात्रों ने अपने नृत्य द्वारा भारतीय संस्कृति व धार्मिक एकता का संदेश दिया। इसके बाद उन्होंने विद्यालय के विभिन्न विभागों का दौरा किया व छात्रों से बातचीत की। छात्रों ने भी अपनी जिज्ञासा शांत करने के लिए उनसे अनेक प्रश्न पूछे। उन्होंने छात्रों व अध्यापकों के साथ शिक्षा से संबंधित अनेक विषयों पर चर्चा की। विद्यालय के निदेशक धीरज शर्मा ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नरेश पाल, एचआर मैनेजर अर्चना शर्मा, वंदना वत्स, सुरेंद्र छाबड़ा व मनोज सिंह भी मौजूद थे।

ऋषिकुल विद्यापीठ में प्रदर्शनी का अवलोकन करतीं मिस जेसिंटा वैब व अन्य।